नेशनल दुनिया

देश का अखबार - सबसे तेज रफ्तार

गांव में भी विशेषज्ञ डॉक्टर की सेवाएं पा सकेंगे लोग

नेशनल दुनिया

जयपुर। राजस्थान के प्रत्येक गांव के लोग अब विशेषज्ञ डॉक्टर की सेवाएं तुरंत पा सकते हैं। उन्हें कई मीलों तक सफर करके डॉक्टर से मिलने नहीं जाना पड़ेगा। राजस्थान में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए एक नई व अनूठी शुरुआत की गई, जिसमें इबिक्स ने अपनी सफल टेलीमेडिसन सेवा आस्क ए डॉक्टर को पूरे राजस्थान भर में 33,000 कियोस्क के जरिए आगे बढ़ाया है।

इबिक्स बीमा, वित्तीय और हेल्थकेयर इंडस्ट्री में मांग के अनुसार सॉफ्टवेयर और ई-कॉमर्स सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी है। राजस्थान के 33 जिलों में लागू राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ई-मित्रा के अंतर्गत इबिक्स ने यह पहल की है। इबिक्स ने खासतौर से राजस्थान में टेलीमेडिसन सेवा प्रदान की है, जिसमें लोग किसी भी समय और किसी भी दिन राज्यभर में आम बोली जाने वाली भाषा हिंदी में विशेषज्ञों से सेहत से जुड़ी सलाह ले सकते है।

इसके अलावा आस्क ए डॉक्टर के माध्यम से लोग दिन में सेहत से जुड़े परामर्श ऑनलाइन, ई-मेल और फोन के जरिये विशेषज्ञों से राय ले सकते है। आस्क ए डॉक्टर सेवा में लोग अपनी सेहत से जुड़ी समस्या के साथ लैब की रिपोर्ट या चित्र को अटैच करके दुनियाभर के डॉक्टरों से अपने सवालों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।